

अध्याय
तेईस

# अनुच्छेद-लेखन

Paragraph Writing

किसी दिए गए विषय पर क्रमबद्ध रूप से अपने विचार लिखना अनुच्छेद-लेखन कहलाता है। अनुच्छेद लेखन द्वारा विद्यार्थी की कल्पनाशक्ति, रचनात्मकता, शब्द-भंडार तथा मौलिकता का विकास होता है। अनुच्छेद लिखते समय विद्यार्थियों को कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

- सर्वप्रथम दिए गए विषय पर सोचना चाहिए।
- विचारों को व्यवस्थित करना चाहिए।
- वाक्य स्पष्ट तथा छोटे होने चाहिए।
- भाषा सरल, प्रवाहपूर्ण तथा प्रभावशाली होनी चाहिए।
- मुहावरे, दोहों अथवा कविता की पंक्तियों का यथासंभव प्रयोग करना चाहिए।
- मूल विषय से भटकना नहीं चाहिए।
- अंत प्रभावशाली होना चाहिए।

OPPO F15

1. इन प्रश्नों के आधार पर 'जब मैंने पहली बार चाय बनाई' शीर्षक पर एक अनुच्छेद लिखिए।

(क) उस दिन मेरे मन में चाय बनाने की इच्छा क्यों हुई?

(ख) मेरी बात सुनकर माँ ने क्या कहा?

(ग) मुझे चाय बनाना सिखाते समय माँ ने क्या-क्या सावधानियाँ रखने को कहा?

(घ) चाय बनाते समय माँ ने सबसे पहले क्या कहा?

(ङ) माँ ने उबलते पानी में सबसे पहले क्या डालने को कहा?

(च) मेरे हाथ की बनी चाय किस-किसने पी और क्या कहा?

OPPO F15